सार-समाचार

विद्या भारती का सप्तशक्ति सम्मेलन आयोजित

छबड़ा (निसं)। मदनलाल भवानी शंकर गुप्त बालिका आदर्श विद्या मंदिर छबड़ा द्वारा संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में विद्या भारती का सप्त शक्ति सम्मेलन 8 नवंबर को ठीन पार्क कॉलोनी के राम जानकी मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णा गौतम ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सारिका सोनी व डॉक्टर आशा भार्गवा ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष द्विप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका लक्ष्मी वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में 70 मातृशक्ति 15 पूर्व छात्रा व पांच पूर्व आचार्या दीदी की उपस्थिति रही। इस मौके पर कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सारिका सोनी द्वारा कुटुंब प्रबोधन के विषय को रखा गया। इस विषय पर उन्होंने संयुक्त परिवार के महत्व को बताया तथा वर्तमान में इंटरनेट मोबाइल और फास्ट फूड के नुकसान के बारे में समझाया उन्होंने बताया कि विश्व हमारा परिवार है। ऑनलाइन गेम से बच्चों को दूर रखने के लिए कहा।बच्चों के साथ संवाद होता रहे इस पर जोर दिया। डॉक्टर आशा भार्गवा ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया और पर्यावरण के प्रति जन जागरूकता के महत्व को समझाया। इस मौके पर कृष्णा गौतम व रमा पारीक का श्रेष्ठ महिला के रूप में सम्मान किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना मनोरमा शर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती दीपिका हाडा द्वारा किया गया। सभी मातृशक्ति को संकल्प सोनिया द्वारा दिलवाया गया। इस दौरान सुरेंद्र कंवर, ज्योति कुशवाह, किरण साहू, प्रिया साहू, ममता विश्वकर्मा ने अपना सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ।

निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर बीएलओ निलंबित

रावतभाटा, (निसं)। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत मतदाता सूची अद्यतन कार्य में लापरवाही बरतने पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, ओरडी में कार्यरत अध्यापक एवं बीएलओ पहलवान नायक को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। नायक को राउमावि सैंथी के पश्चिम भाग, बूथ संख्या 160 का बीएलओ चार्ज सौंपा गया था। उपखंड अधिकारी, चित्तौड़गढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में बताया गया कि नायक द्वारा निर्वाचन कार्यों में अनियमितता, शून्य मतदाता मैपिंग, गणना पत्र का वितरण न करना तथा अनुचित व्यवहार जैसी शिकायतें प्राप्त हुई थीं। नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगे जाने के बावजूद नायक का उत्तर असंतोषजनक पाया गया। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने मामले को गंभीर मानते हुए नायक को तत्काल निलंबित कर उनका मुख्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, रावतभाटा के कार्यालय में नियत किया है। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समयबद्धता, निष्पक्षता और पारदर्शिता सर्वोपरि है। निर्वाचन कार्य में लापरवाही या अनैतिक आचरण पाए जाने पर कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

आपकी पूंजी-आपका अधिकार अभियान के तहत शिविर 14 नवम्बर को

कोटा, (निसं)। जमा कर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष के अंतर्गत आपकी पूंजी-आपका अधिकार संयुक्त जनजागरूकता अभियान के तहत नागरिकों को उनकी जमा, बीमा, शेयर, डिविडेंड और म्युचुअल फंड जैसी अनक्लेम्ड राशियों के प्रति जागरूक करने एवं उन्हें वापस दिलाने हेतु विशेष जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम 14 नवम्बर 2025 को सियाम ऑडिटोरियम, कोटा में प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। शिविर, जिला कलक्टर पीयूष समारिया के नेतृत्व में तथा राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान के मार्गदर्शन में अग्रणी जिला कार्यालय (लीड बैंक) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें सभी बैंक, बीमा कंपनियाँ, पेंशन, प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (ैम्ठप्) तथा अवैध निधि से संबंधित संस्थाओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। लीड बैंक मैनेजर दिलीप कौर ने बताया शिविर में नागरिकों को अनक्लेम्ड जमा राशि, बीमा दावे, डिविडेंड, शेयर एवं म्युचुअल फंड प्राप्त करने हेतु सहायता काउंटर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया जनजागरूकता अभियान के तहत भारत सरकार के वित्त सेवाएँ विभाग द्वारा जारी दिशादृनिर्देशों के अनुसार, इन शिविरों का आयोजन 31 दिसम्बर 2025 तक जिले स्तर पर किया जाएगा।

एकता मार्च अभियान के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन

रामगंजमण्डी, (निसं)। नगरपालिका रामगंजमंडी में पालिकाध्यक्ष अखिलेश मेडतवाल एवं अधिशाषी अधिकारी तरुण लहरी के निर्देशन पर राज्य सरकार के आदेशानुसार सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष में सरदार/150 समारोह एकता मार्च अभियान के तहत सोमवार को स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। स्वच्छता अभियान के तहत शहीद पन्नालाल सर्किल पर स्वच्छता श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान के तहत शहीद पन्नालाल सर्कल से मुख्य बाजारों में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। रैली में नगर पालिका कार्मिको, सफाई मित्रों, नागरिकों सहित अनेक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नागरिकों से अपने आसपास के वातावरण को साफ और स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सफाई प्रभारी हरिओम मेघवाल, एम.आई.एस हेमंत सिंह, जमादार मुकेश कुमार, नवीन जादोन, पप्पूलाल व विजय कुमार सहित आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में मंगलवार को प्रातः 11 बजे राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम का गायन एवं स्वदेशी संकल्प लेने का कार्यक्रम नगरपालिका कार्यालय में आयोजित किया जायेगा।

दुकानदार ने फांसी लगाकर किया सुसाईड, पुलिस जांच में जुटी

कोटा, (निसं)। बोरखेड़ा थाना इलाके में किराने के व्यापारी ने घर में फांसी का फंदा लगाकर सुसाईड कर लिया। घटना का पता परिजनों को सोमवार सुबह उस समय चल जब परिजन उठकर बाहर आये तो महावीर प्रसाद पालीवाल को रोशनदान के फंदे पर लटका हुआ देखा, जिसे परिजन नीचे उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बोरखेड़ा थानाधिकारी देवेश भारद्वाज ने बताया कि इलाके के बालाजी आवास निवासी महावीर प्रसाद पालीवाल (50) ने घर के अंदर कमरे मे बने रोशनदान में चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थानाधिकारी ने बताया कि घर में मौजूद अन्य परिजनों को घटना का पता सुबह उठने के बाद चला, मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है, मृतक ने घर में ही किराने की दुकान खोल रखी थी। थानाधिकारी ने बताया कि फिलहाल सुसाईड के पीछे कोई कारण सामने नहीं आया है। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं।

एनएसएस शिविर संपन्न

रामगंजमण्डी, (निसं)। श्री हीराभाई परीख राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगंजमंडी में 10 नवम्बर सोमवार को एनएसएस का तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्या गार्गी मेहता की अध्यक्षता में किया गया। शिविर का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं सरस्वती वंदना से किया गया। प्रधानाचार्या द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को रवाना किया गया। शिविर की थीम सड़क सुरक्षा रखी गयी। शिविर में पोस्टर एवं निबन्ध प्रतियोगिता रखी गई। उसके पश्चयात विद्यालय भवन की साफ सफाई व पुताई आदि कार्य किये गए। निबन्ध प्रतियोगिता मे वंदना सेन प्रथम, अंजलि कुमारी द्वितीय, पायल वर्मा तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर प्रतियोगिता में अर्चना मीणा प्रथम, मेघा कंवर द्वितीय तथा सपना तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्या द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाली छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

राजकीय अल्पसंख्यक छात्रावास में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

कोटा, (निसं)। राजकीय अल्पसंख्यक बालक एवं बालिका छात्रावास टैगोर नगर में कक्षा 9 से स्नातकोत्तर नियमित कक्षाएं एवं तकनीकी, व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के लिए शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत् अल्पसंख्यक वर्ग के बालक एवं बालिकाओं से सत्र 2025-26 में निःशुल्क आवास एवं भोजन व्यवस्थाओं सहित छात्रावासों में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी त्रिलोकचन्द मीणा ने बताया कि पात्र छात्र एवं छात्राएं कार्यालय से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर दस्तावेजों के साथ 30 नवम्बर तक कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण में जमा करा सकते हैं।

मां-बेटी दोहरे हत्याकांड का फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

■ पूर्व में दो आरोपियों को किया था गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। आरकेपुरम् थाना इलाके के रोजड़ी में हुई मां और उसकी 8 वर्षीय मासूम बेटी के हत्याकांड के मामले में पुलिस टीम ने फरार चल रहे तीसरे ईनामी आरोपी को सोमवार को रावतभाटा रोड़ से गिरफ्तार किया है।

फरार आरोपी पर पुलिस प्रशासन ने 10 हजार इनाम राशि घोषित की थी। मामले में पुलिस टीम पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चूकी है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि आरकेपुरम् इलाके के रोजड़ी में मां-बेटी की निर्मम हत्या के मामले में आरोपियो की गिरफ्तारी के लिये लगी पुलिस टीम ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी प्रदीप वैष्णव व भरत को मुकंदरा के जंगल से पूर्व में गिरफ्तार किया था।

शहर एसपी ने बताया कि मामले में एक ओर आरोपी राजू अब्बासी उर्फ मामू फरार चल रहा था, आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर टीमें लगातार संभावित स्थानों पर दबिश दे रही थी। शहर एसपी ने बताया कि मुखबीर से पुलिस टीम को फरार आरोपी राजू अब्बासी उर्फ मामू के दौलतगंज रावतभाटा की ओर जाने की सूचना मिली, सूचना पर पुलिस टीमों द्वारा आरोपी का पीछा किया गया और दौलतगंज गांव के आगे रावतभाटा रोड के पास जंगल में भागते हुए आरोपी का पीछा कर आरोपी राजू अब्बासी उर्फ मामू को गिरफ्तार किया गया।

तरीका वारदातः- शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी राजू अब्बासी ने पूछताछ में बताया कि वह प्रदीप और भरत तीनों हत्या की योजना बनाकर रोजड़ी आये और मृतका ज्योती वैष्णव के घर पहुंचे और पहले चाय बनवाकर पी और बाद में उसे खाना बनाने को कहा। शहर एसपी ने बताया कि आरोपी ने बताया कि जैसे ही मृतका ज्योति रसोई में खाना बनाने के लिये गई तो पीछे से महिला के गले में चुन्नी से गला दबाकर जान से मार दिया, उसी समय मृतका की बच्ची पलक घर पर आ गई, आरोपी ने बताया कि उसने बच्ची के पैर पकड़े और प्रदीप ने गला दबाकर उसकी भी हत्या कर दी। हत्या के बाद हम सभी मृतका के जेवरात लूट कर भाग गये।

शहर एसपी ने बताया कि पूर्व में पकड़े गये दोनों आरोपी प्रदीप व भरत को सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया जहां से दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया। पकड़े गये तीनों आरोपियों से अनुसंधान जारी है।

विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर निर्देश दिए

कोटा, (निसं)। विभागीय योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलेक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर निर्देश दिए कि योजनाओं की क्रियान्विति प्रभावी एवं समयबद्धता के साथ हो। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाए। जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में स्वीकृत, संचालित एवं अपूर्ण कार्यों की जानकारी ली और निर्देश दिए कि स्वीकृत कार्यों को शीघ्र शुरू किया जाए। जो कार्य चालू हैं, उन्हें सतत् निगरानी रखते हुए समय पर पूर्ण कराया जाए और गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने वंदे मातरम/150 सरदार वल्लभभाई पटेल एवं भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती कार्यक्रम से संबंधित निर्धारित कार्यक्रमों, गतिविधियों की भी जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उक्त गतिविधियों में बढ़-चढ़कर जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए और सूचनाएं समय पर माय भारत पोर्टल पर अपलोड की जाएं।

महिला बनकर साइबर ठगी करने वाला गिरफ्तार

■ साईबर ठगी का आरोपी को रावतभाटा पुलिस ने गिरफ्तार किया

रावतभाटा, (निसं)। लोगों को वाट्सएप्प पर महिला बनकर वीडियो कॉल करके वीडियो कॉल को सोशल मिडिया पर वायरल करने की धमकी देकर साइबर ठगी करने वाले गिरोह के सदस्य को साइबर थाना पुलिस नें अलवर से गिरफतार किया है।

पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि चित्तौडगढ़ निवासी पीड़ित ने साइबर थाने पर दी अपनी रिपोर्ट में बताया कि 6 नवम्बर की रात को 11.35 बजे उसके पास एक वाटसअप वीडियो कॉल आया। जिसमें एक महिला उससे बात करने लगी जिससें कुछ समय पश्चात पुनः फोन कर उसे धमकाकर ब्लेकमेल करने लगी कि वह उनकी बाते एवं वीडियो सोशल मिडिया पर अपलोड कर देगी।

पीड़ित ने तुरंत उसके द्वारा किये गये कॉल व मेसेज डिलिट कर दिये तथा ब्लॉक भी कर दिये। फिर उसके बाद प्रार्थी को वापस किसी अन्य नम्बरों से जरिये वाटसअप कॉल किया जिस पर पुलिस की डीपी लगी हुई थी। उसके बाद उन्होंने युट्युब पर अपलोड नहीं करने की एवज में प्रार्थी से रूपये ट्रांसफर करवा कर साइबर ठगी कर ली। प्रार्थी को स्वयं के साथ साइबर ठगी का अन्देशा होने पर ऑनलाईन 1930 पर व साइबर थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये साइबर से सम्बधित अपराधों की रोकथाम करने के निर्देश देते हुए इस प्रकरण को गंम्भीरता से लेकर निर्देश दिये। एएसपी सरिता सिंह, मुकेश सांखला, डीएसपी गिरिराज गर्ग के सुपरविजन में साइबर थाने के हैड कानि. देउ, कानि. रामनिवास, अजीत गढवाल, संदीप व मुकेश द्वारा प्रकरण में खाताधारक 26 वर्षीय महेन्द्र कुमार बैरवा पुत्र रामकिशौर बैरवा निवासी न्यु कॉलोनी कैमाला दैसुला पुलिस थाना वैशालीनगर अलवर को अलवर से डिटेन कर थाने पर लाया गया जिससे विस्तृत पुछताछ कर आरोपी महेन्द्र कुमार बैरवा को गिरफतार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमाण्ड पर लिया जाकर अन्य संलिप्त गिरोह वारदातों के बारे में पता लगाया जायेगा।

तरीका वारदातः- लोगों को महिला बनकर वाटसअप वीडियो कॉल करके उनकी वीडियो रिकोर्ड कर विडियों को सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी देते है व उक्त विडियों को डिलिट करवाने के नाम पर लोगों से रूपये ऐंठ कर साइबर ठगी करते हैं।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित

कोटा, (निसं)। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर-2026) की प्रगति को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी पीयूष समारिया ने सोमवार को समीक्षा बैठक ली। बैठक में बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले में 4 नवम्बर से अभी तक बीएलओ द्वारा 5 लाख 83 हजार 499 गणना प्रपत्र (ईएफ) वितरित किए गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपना गणना प्रपत्र ऑनलाइन भरने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन गणना प्रपत्र भरने के लिए मतदाता का मोबाइल नम्बर ईपिक से लिंक होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मतदाता ऑनलाइन फार्म-8 भरकर ईरॉल्स में अपना मोबाइल नम्बर तुरंत लिंक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो मतदाता ऑनलाइन फार्म भरेंगे उन्हें बीएलओ द्वारा दिए गए गणना प्रपत्र को भरकर देने की आवश्यकता नहीं रहेगी। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि बीएलओ को गणना प्रपत्र भरकर दें और उसके साथ अपनी रंगीन फोटो अवश्य उपलब्ध कराएं। जिले में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत ईआरओ, बीएलओ एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरने की अपील कर रहे हैं। साथ ही, इन प्रपत्रों को भरने की प्रक्रिया के बारे में समझाया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक गणना प्रपत्र भरे जाएंगे। बीएलओ प्रत्येक मौजूदा मतदाता को घर-घर जाकर गणना प्रपत्र (ईएफ) वितरित करेंगे और भरा हुआ प्रपत्र वापस प्राप्त करेंगे। बीएलओ मतदाता को अपने नाम या अपने रिश्तेदार के नाम के साथ मिलान, लिंक करने में मदद करेंगे जो कि 2002 में आयोजित विगत एसआईआर में थे। उन्होंने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक छूट न जाए और कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपील की कि विगत एसआईआर की मतदाता सूची से मैपिंग हेतु आवश्यक सूचनाएं बीएलओ को उपलब्ध कराएं।

बूंदी महोत्सव के तहत जैतसागर किनारे सजी भव्य चित्रकला प्रदर्शनी

बूंदी (निसं)। बूंदी महोत्सव की धूम के बीच सोमवार का दिन कला और संस्कृति के नाम रहा। ऐतिहासिक जैतसागर झील के किनारे स्थित मनोरम सुखमहल परिसर कलाकारों के रंगों से सराबोर हो गया। कैनवास पेंटिंग प्रदर्शनी में प्रदर्शित चित्रों ने विदेशी और देशी सैलानियों को आकर्षित किया।

प्रदर्शनी में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए चित्रकारों ने अपनी कूची से बूंदी के गौरवशाली इतिहास और स्थापत्य को कैनवास पर सजीव कर दिया। प्रदर्शनी में बूंदी के ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों, स्मारकों और हवेलियों के चित्रों के साथ-साथ विश्व प्रसिद्ध बूंदी व किशनगढ़ शैली की लघु चित्रकला से प्रेरित आधुनिक कृतियों को भी प्रदर्शित किया गया। कलाकारों ने विविध विषयों पर अपनी कल्पना के रंग भरकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कैनवास प्रदर्शनी में विभिन्न जिलों से आए के.जी. कदम, अनुराग मेहता, इकबाल हुसैन, विजय कुमावत, मुकेश शर्मा, दुर्गेश अटल, निर्मल यादव, के.के. कुन्द्रा, संत कुमार विश्नोई, महेश कुमावत सहित बूंदी के स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने किया। उन्होंने सुखमहल में सजे एक-एक चित्र का बारीकी से अवलोकन किया और संबंधित कलाकारों से उनकी कलाकृति के विषय, शैली और प्रेरणा के बारे में विस्तृत जानकारी ली। कलक्टर गोदारा ने कलाकारों के हुनर की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी बूंदी की समृद्ध कला परंपरा को दर्शाती है। उन्होंने कलाकारों की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने प्रदर्शनी में शिरकत करने वाले विभिन्न जिलों के कलाकारों तथा स्थानीय चित्रकारों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं दूसरे ओर परिसर राजस्थानी लोक संगीत से गूंज रहा था। कार्यक्रम में पर्यटन विभाग के लोक कलाकारों ने केसरिया बालम पधारो म्हारे देश सहित अन्य कई सुप्रसिद्ध राजस्थानी गीतों की शानदार व भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी।

किरेटोकोनस जागरूकता पोस्टर का विमोचन एवं परिचर्चा का आयोजन

कोटा, (निसं)। सुवि नेत्र चिकित्सालय एवं लेसिक लेजर सेन्टर तलवण्डी कोटा में विश्व किरेटोकोनस दिवस के अवसर पर किरेटोकोनस जागरूकता पोस्टर का विमोचन एवं परिचर्चा का आयोजन भी कि गया। परिचर्चा कार्यक्रम को वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ.सुरेश पाण्डेय, आकुलोप्लास्टिक सर्जन डॉ. विदुषी पाण्डेय, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सत्येन्द्र गुप्ता, रेटिना विशेषज्ञ डॉ. निपुण बागरेचा एवं नेत्र विशेषज्ञ डॉ. डिंपल भाकुनी ने संबोधित किया।

नेशनल किरेटोकोनस फाण्डेशन द्वारा विश्वभर में दिनांक 10 नवम्बर को 'विश्व किरेटोकोनस दिवस' मनाने का मुख्य उद्देश्य किरेटाकोनस नामक रोग के प्रति आमजनता में जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष 10 नवम्बर को मनाये जाने वाले 'विश्व किरेटोकोनस दिवस की थीम 'कोन्स फॉर ए कॉज़' है। परिचर्चा के दौरान वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ.सुरेश पाण्डेय ने बताया कि नेशनल किरेटोकोनस फाण्डेशन द्वारा विश्वभर में दिनांक 10 नवम्बर को विश्व किरेटोकोनस दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य किरेटाकोनस नामक रोग के प्रति आमजनता में जागरूकता बढ़ाना है। डॉ.विदुषी पाण्डेय ने बताया कि किरेटोकोनस आँख की पारदर्शी पुतली (कॉर्निया) में होने वाली विशेष प्रकार की बीमारी है, जिसमें कॉर्निया का आकार में उभार (कॉनिकल शेप) आ जाता है। किरेटोकोनस रोग सामान्यतः 14 वर्ष की आयु से लेकर 22 वर्ष की आयु वाले व्यक्तियों को हो सकता है। किरेटोकोनस रोग 3000 में से 1 व्यक्ति को हो सकता है।

परिचर्चा के दौरान डॉ.सत्येन्द्र गुप्ता ने बताया कि इस रोग का ठोस कारण अज्ञात है। नेत्र एलर्जी से पीड़ित आँखों को मसलने वाले व्यक्ति, डाउन सिन्ड्रोम से पीड़ित व्यक्ति एवं वंशानुगत किरेटोकोनस से पीड़ित व्यक्तियों की संतानों को यह रोग हो सकता है एवं आंखों को मसलने से बढ़ सकता है किरेटोकोनस। किरेटोकोनस लगभग 90 प्रतिशत व्यक्तियों की दोनों आँखों को प्रभावित करता है एवं यह पुरूष एव महिलाओं को समान रूप से प्रभावित करता है। किरेटोकोनस की एडवांस्ड स्टेज में फुल थिकनेस केरेटोप्लास्टिक नामक ऑपरेशन द्वारा उपचार किया जाता है।

विश्व किरेटोकोनस दिवस के अवसर पर आईए हम सभी मिलकर किरेटोकोनस नामक रोग को रोकने के लिए जागरूकता बढ़ाते चले। आंख को बार-बार ना मसले, चश्में के तिरछा नंबर बढ़ने पर नेत्र चिकित्सक के परामर्श अनुसार कॉर्नियल टोपोग्राफी नामक जांच कराएं। किरेटोकोनस की आंरभिक अवस्था में निदान होने से बीमारी के बढ़ने को रोका जा सकता है।

परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेत्र विशेषज्ञ डॉ.डिंपल भाकुनी ने बताया कि किरेटोकोनस के निदान के लिए कॉनियल टोपोग्राफी नामक टेस्ट किया जाता है। कॉनियल टोपोग्राफी नामक टेस्ट द्वारा किरेटोकोनस बीमारी के बढ़ने का पता लगाया जा सकता है। किरेटोकोनस से पीड़ित व्यक्तियों में किसी भी उपचार द्वारा बीमारी की सम्पूर्ण रोकथाम कर 100 प्रतिशत दृष्टि लौटाना पाना सम्भव नहीं है। इन रोगियों का आर.जी.पी. कॉन्टेक्ट लैंस, कॉर्नियल कॉलिज़न क्रॉस लिकिंग विद राइबोफ्लेविन (सी-3 आर), इम्पलान्टेबल टोरिक कॉन्टेक्ट लैंस (आई.सी.एल.), इन्ट्रास्ट्रोमल कॉर्नियल रिंग सेग्मेन्ट (केरा रिंग्स) अथवा टोरिक इन्ट्राऑकुलर लैंस प्रत्यारोपण नामक नवीनतम तकनीकों द्वारा उपचार किया जाता है।

किरेटोकोनस से पीड़ित रोगीयों में लेसिक लेजर सर्जरी द्वारा चश्मा हटाने का ऑपरेशन नहीं किया जाता है। रेटिना विशेषज्ञ डॉ.निपुण बागरेचा ने बताया कि किरेटोकोनस से पीड़ित रोगियों में नेत्र एलर्जी होने की सम्भावना अधिक होती हैं। इन रोगियों को यथा सम्भव आँखों को रगड़ने (मसलने) से बचना चाहिऐं तथा साथ ही साथ स्टेराईड आई ड्राप्स का लम्बे समय तक प्रयोग चिकित्सक की देखरेख के बिना नहीं करना चाहिए। किरेटोकोनस से पीड़ित व्यक्तियों को अस्पष्ट दिखाई देता है। इन रोगियों की प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता बढ़ जाती है एवं पढ़ने-लिखने हेतु आँखों पर बहुत जोर डालना पड़ता है। कभी-कभी किरेटोकोनस से पीड़ित व्यक्तियों को तिरछा एवं दो या अधिक प्रतिबिम्ब भी दिखाई दे सकते हैं।

किरेटोकोनस से पीड़ित व्यक्तियों में चश्में का तिरछा नम्बर धीरे-धीरे बढ़ता चला जाता है एवं रोगियों को चश्मा लगाने के बाद भी स्पष्ट नहीं दिखाई देता है, जिसके कारण किरेटोकोनस से पीड़ित व्यक्ति को पढ़ने-लिखने, रोजमर्रा का कार्य करने एवं वाहन चलाने में बहुत परेशानी होने लगती है। किरेटोकोनस से पीड़ित व्यक्तियों में किसी भी उपचार द्वारा बीमारी की सम्पूर्ण रोकथाम कर 100 प्रतिशत दृष्टि लौटाना पाना सम्भव नहीं है।

इन रोगियों का आर.जी.पी. कॉन्टेक्ट लैंस, कॉर्नियल कॉलिजन क्रॉस लिकिंग विद राइबोफ्लेविन (सी-3 आर), इम्पलान्टेबल टोरिक कॉन्टेक्ट लैंस (आई.सी.एल.), इन्ट्रास्ट्रोमल कॉर्नियल रिंग सेग्मेन्ट (केरा रिंग्स) अथवा टोरिक इन्ट्राऑकुलर लैंस प्रत्यारोपण नामक नवीनतम तकनीकों द्वारा उपचार किया जाता है। नेत्र सर्जन डॉ.सुरेश पाण्डेय ने रोगियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

एडीएम को ज्ञापन सौंपा

बूंदी (निसं)। राजस्थान में पंचायत राज के चुनाव नहीं होने की स्थिति में पंचायत समितियों के निवर्तमान प्रधानों को प्रशासक लगाने की मांग को लेकर प्रधान संघ के बैनर तले जिले के प्रधानों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में प्रधानों ने बताया कि राजस्थान में पंचायतराज अधिनियम 1994 एवं राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 द्वारा पंचायत राज की त्रिस्तरीय व्यवस्था ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद पंचायतराज संस्थायें संचालित होती है। जिसमें से राजस्थान की कुछ ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। पंचायतराज पंचायत राज के चुनाव अपरिहार्य कारणों से नहीं होने पर राजस्थान सरकार ने राजस्थान पंचायत राज अधिनियम 1994 (1994 का अधिनियम संख्या 13) की धारा 95 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये जिन ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो गया है के निवर्तमान सरपंचों को प्रशासक नियुक्त किया गया है।

खोया पाया

अरुण कुमार शर्मा पुत्र ने नरेश चंद्र शर्मा 1-ग-7 दादाबाड़ी कोटा का आवंटन पत्र व कब्जा पत्र गुम हो गया है किसी को मिलने पर सूचित करें।

आम सूचना

मैं अपनी पक्षकारा गोविन्दी बाई पत्नी स्व. कजोड़ लाल निवासी जरगा, झालावाड़ हाल निवासी रायपुरा, कोटा के निर्देशानुसार निम्न आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि

1. यह कि मेरी पक्षकारा के दो पुत्र सत्यनारायण व भीमराज है इनमें से मेरा छोटा पुत्र भीमराज मुझ से लडाई-झगड़ा करता है तथा मेरी सेवा सुरक्षा नही करता है ना ही भरण-पोषण का ध्यान रखता है और पूर्ण रुप से मैं अपनी चल अचल सम्पत्ति से भीमराज पोटर पुत्र स्व. कजोड लाल निवासी रायपुरा कोटा को सम्पूर्ण रुप से बेदखल करती हूं अब मेरे पुत्र भीमराज का मेरी चल अचल सम्पत्ति पर कोई हिस्सा निहित नही है। ना ही उसके किसी कृत्य के लिये मैं जिम्मेदार नही हूं यदि किसी व्यक्ति को उससे लेनदारी या देनदारी बकाया हो तो मैं जिम्मेदार नही हूं। यदि कोई व्यक्ति उसके साथ लेन-देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

भवदीय,
दिनांक 11-11-2025 अन्सार अहमद एडवोकेट मो. 9828135640, 9660786061

मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर
Jawahar Lal Nehru Marg, Jaipur 302017
पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश 2025-26

एफ.4/ए.वी.1/2025-26/अकादमिक/पीएचडी/02
सभी विभागों/केन्द्रों में सम समेस्टर 2025-26 (जनवरी 2026) के लिए पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित है। अधिक जानकारी के लिए www.mnit.ac.in पर जाएं। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 नवम्बर 2025 है।
CBC 21312/12/0004/2526 रजिस्ट्रार

पंजीयन संख्या-560/जी
रजत गृह निर्माण सहकारी समिति लि. बून्दी नैनवां रोड बून्दी (राज.)
क्र.सं. 2025/68 **आम सूचना** दिनांक-10.11.2025

यह आम सूचना इस आशय की प्रकाशित की जाती है कि रजत गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड बून्दी द्वारा श्री उम्मेद प्रकाश जैन आत्मज श्री सरदार मल को व्यवसायिक भूखंड संख्या बी-30 साईज 11'x20' का दिनांक 02.02.1986 के प्रस्ताव संख्या 02 से आवंटन किया गया था। व साईज का 11'x10' दिनांक 08.11.2020 के प्रस्ताव संख्या 05 से नियमन किया गया था। श्री उम्मेद प्रकाश जैन की मृत्यु दिनांक 31.05.2024 को हो जाने से उनकी पत्नी श्रीमती पुष्पा जैन द्वारा उपरोक्त व्